हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

11 इंदु को मिला सुपर मॉम का अवार्ड

12 चालक घर-घर कूड़ा नहीं उठाकर दे रहे चकमा


# नगर निगम चुनाव : प्रचार थमा, अब जनता करेगी फैसला

■ मेयर के लिए 9 व 22 वार्डों में 89 पार्षद प्रत्याशी मैदान में ■ करीब 2.96 लाख मतदाता डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से जारी प्रचार अभियान शुक्रवार शाम थम गया। प्रचार बंद होते ही अब प्रत्याशियों की नजर मतदाताओं पर टिक गई है। रविवार, 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस बार मेयर पद के लिए 9 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि 22 वार्डों में पार्षद पद के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। भाजपा ने मौजूदा मेयर राजीव जैन को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व विधायक देवराज दिवान के पुत्र कमल दिवान पर दांव खेला है। इनेलो सहित अन्य निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं।

### दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

नगर निगम चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए साख की लड़ाई बन गया है। भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन पिछले उपचुनाव की जीत दोहराने के इरादे से मैदान में हैं और सरकार के विकास कार्यों व अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के आधार पर वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री सहित दिग्गज जैन के लिए चुनाव प्रचार कर चुके है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और धीमे विकास कार्यों को बड़ा मुद्दा बनाकर जनता के बीच पहुंचे हैं। उनके समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। अब नजर इस बात पर है कि सोनीपत की जनता किसके दावों और वादों पर भरोसा जताती है।

नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, इस बार 2 लाख 96 हजार 108 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 52 हजार 411 पुरुष और 1 लाख 42 हजार 690 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### 264 मतदान केंद्रों पर होगी वोटिंग

नगर निगम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। निगम क्षेत्र में कुल 264 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। मतदान केंद्रों पर पुलिस बल और चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों की विशेष तैनाती रहेगी, ताकि मतदाता बिना किसी भय और असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### पहले चुनाव में कांग्रेस, उपचुनाव में भाजपा को मिली थी जीत

वर्ष 2020 में हुए पहले नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के निखिल मदान ने भाजपा प्रत्याशी ललित बत्रा को हराकर जीत दर्ज की थी। बाद में निखिल मदान भाजपा में शामिल हो गए और विधायक बने। उनके इस्तीफे के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के राजीव जैन ने कांग्रेस के कमल दिवान को बड़े अंतर से हराकर मेयर पद पर कब्जा किया था।

## पुलिस अलर्ट, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**सोनीपत।** नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रबंधक और क्राइम यूनिट प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, मतदान केंद्रों की सुरक्षा मजबूत करने और चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता और निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने, हुड़दंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया, ताकि किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह को समय रहते रोका जा सके। इसके अलावा क्राइम यूनिटों को अवैध शराब, नकदी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।



## खरखौदा में अवैध शराब से भरा ट्राला पकड़ा

**खरखौदा।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने शुक्रवार देर शाम पीपली गांव के पास कुंडली-मानेसर-पलवल मार्ग की पार्किंग में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लाई गई चंडीगढ़ मार्का शराब की बड़ी खेप बरामद की। कार्रवाई सीआईडी की सूचना प र डीएसपी जीत सिंह बेनीवाल के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि मार्ग के साथ लगती एक पार्किंग में संदिग्ध ट्राला खड़ा है, जिसमें शराब भरी हुई है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची टीम ने जांच की तो वहां 22 टायर वाला ट्राला खड़ा मिला। ट्राले को ऊपर से चावल के छिलकों के कट्टों और तिरपाल से ढका गया था। तलाशी लेने पर ट्राले से भारी मात्रा में चंडीगढ़ मार्का शराब बरामद हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह शराब केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अधिकृत थी, जिसे अवैध रूप से हरियाणा लाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शराब को ट्राले से उतरवाने और उसकी गिनती करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में संबंधित लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## पंचायत उपचुनाव : सोनीपत के 21 वार्डों में निर्विरोध चुने गए पंच, 32 पद खाली

**सोनीपत।** जिला सोनीपत में मध्यावधि पंचायत उपचुनाव के तहत 48 ग्राम पंचायतों के 53 वार्डों में पंच पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई थी। इनमें से 21 वार्डों में केवल एक-एक उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण पंच निर्विरोध चुन लिए गए। वहीं 32 वार्ड ऐसे रहे, जहां किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके चलते ये पद फिलहाल रिक्त रह गए हैं। प्रशासन अब खाली रह गए पदों को लेकर आगामी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। जिन वार्डों में निर्विरोध चुनाव हुआ है, वहां ग्रामीणों ने आपसी सहमति से प्रतिनिधि चुनकर चुनावी प्रक्रिया को सरल बना दिया।

■ कई गांवों में बनी सहमति, कई वार्डों में नहीं भरे गए नामांकन

**खरखौदा और मुरथल खंड :** खरखौदा खंड के गांव फरमाणा महलान, रोहणा, तुर्कपुर, सोहटी और मौजमनगर में पंच निर्विरोध चुने गए। वहीं रोहट और खांडा के वार्डों में कोई नामांकन नहीं हुआ। मुरथल खंड के भिगान, पीपली खेड़ा और असदपुर में पंच चुने गए, जबकि किशोरा का एक वार्ड खाली रह गया।
**राई और सोनीपत खंड :** राई खंड के जांटी खुर्द, टोकी और भौआपुर में किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। सोनीपत खंड में भटाना जाफराबाद और जुआं-1 में पंच निर्विरोध चुने गए, जबकि महीपुर और सांदल कलां निवादा के वार्ड रिक्त रहे।
**मुण्डलाना, गोहाना, गन्नौर और कथूरा खंड :** मुण्डलाना खंड के बिचपड़ी, बुटाना कुंडू और खंदराई में सहमति से पंच चुने गए, जबकि कई गांवों के आठ वार्ड खाली रहे। गोहाना खंड के बड़ौता और बिधल में पंच निर्विरोध बने, जबकि कई गांवों में नामांकन नहीं हुए। गन्नौर खंड के खेड़ी गुज्जर, बांय और गढ़ी झंझारा में पंच चुने गए, जबकि छह वार्ड खाली रहे। कथूरा खंड के छिछड़ाना और धनाना में पंच निर्विरोध बने, जबकि पांच वार्डों में किसी ने दावेदारी पेश नहीं की।

## खबर संक्षेप

### पत्नी पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रिंस के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार महिला ने शिकायत दी थी कि 4 मई को वह अपने कमरे में भाई से फोन पर बात कर रही थी। इसी बात को लेकर उसका पति प्रिंस नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने घर में रखा सब्जी काटने वाला चाकू उठाकर महिला पर हमला कर दिया। उसने महिला के पेट और हाथ पर कई वार किए और मौके से फरार हो गया। सहायक उप निरीक्षक वाकिब की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### धमकी के बाद युवक को कार से टक्कर मारी

**गन्नौर।** बजाना कलां निवासी युवक ने गांव के ही एक युवक पर रास्ता रोककर धमकी देने और कार से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पुष्पेंद्र पुत्र रामपाल ने बताया कि वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि सैया खेड़ा और कैलाना के बीच गांव के रोहित पुत्र सुखबीर और उसके साथी ने कार से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने उसे जान से मारने और मारपीट करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका है, जिनका आपसी समझौता हो गया था। पुष्पेंद्र ने आरोप लगाया कि जब वह वहां से निकलने लगा तो आरोपित ने कार से टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटें आईं।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव भौवापुर निवासी साहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 7 मई को क्राइम यूनिट में तैनात मुख्य सिपाही अनिल अपनी टीम के साथ जीटी रोड स्थित मुरथल फ्लाईओवर के नीचे गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक कुराड़ बाईपास मोड़ पर अवैध हथियार लेकर खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर उसे पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें उसकी जींस की जेब से देशी पिस्तौल बरामद हुई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## घर में घुसकर फायरिंग और तोड़फोड़ करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिटी पुलिस ने घर में घुसकर हवाई फायरिंग, तोड़फोड़ और धमकी देने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गांव रोहट निवासी निजवेश उर्फ निजू और गांव बडवासनी निवासी वरुण के रूप में हुई है। वरुण फिलहाल सुभाष स्टेडियम क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस के अनुसार वेस्ट रामनगर निवासी मोहित ने 26 अप्रैल को शिकायत दी थी कि उसका निजवेश के साथ पैसों का लेन-देन था। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे निजवेश से करीब 1.80 लाख रुपये लेने थे। पैसे मांगने पर निजवेश अपने साथी वरुण के साथ देर रात उसके घर पहुंच गया। आरोप है कि दोनों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने घर के शीशे, बैड, गेट और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपितों ने हवाई फायरिंग भी की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले में थाना शहर सोनीपत में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक वेदवीर की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेशी के बाद निजवेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया, जबकि वरुण को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

■ पुलिस ने अदालत में पेश किया, एक आरोपी रिमांड पर

## महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर बालियां छीनी

**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर बाजार क्षेत्र में दो युवकों और एक महिला द्वारा मिलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके कानों की बालियां छीन लीं। हरसाना कलां निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 6 मई को बच्चों की ड्रेस खरीदने के लिए गीता भवन चौक आई थी। जब वह मारवाह गैस एजेंसी के पास पहुंची तो दो अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और खाने के लिए पैसों की मदद मांगने लगे। इसी दौरान एक अज्ञात महिला वहां पहुंची और युवकों की मदद करने का दिखावा करने लगी। शिकायतकर्ता के अनुसार बातचीत के दौरान एक युवक ने उसे रुमाल से कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोप है कि बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर आरोपित उसके कानों की बालियां छीनकर मौके से फरार हो गए। होश आने पर महिला ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ : एप्पल कस्टमर सपोर्ट अधिकारी बनकर अमेरिकी नागरिकों से करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट (एसयूएजी) ने कुमासपुर स्थित ओमेक्स सिटी के एक फ्लैट में छापेमारी कर बड़े स्तर पर चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। आरोपित इस सेंटर के जरिए सात समंदर पार अमेरिका के नागरिकों को अपना निशाना बना रहे थे। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को दबोचकर उनके कब्जे से पांच लाख रुपये की नकदी, लैपटॉप, मोबाइल और भारी मात्रा में डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। एसयूएजी प्रभारी अजय धनखड़ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ओमेक्स सिटी के ई-ब्लॉक स्थित फ्लैट में छापा मारा गया था। मौके पर मयंक हसीजा (निवासी ओमेक्स), साहिल शर्मा (निवासी दिल्ली) और अंश पांडेय (निवासी नांगलोई) को अंग्रेजी में विदेशी नागरिकों से बात करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। जब पुलिस ने इनसे दूरसंचार विभाग का लाइसेंस या कंपनी पंजीकरण के दस्तावेज मांगे, तो आरोपित कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सके। बहालगढ़ थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों की वीडियो और फोटोग्राफी ई-साक्ष्य एप के माध्यम से सुरक्षित की है। अदालत ने तीनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है, जिससे इस अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा सके।

■ तीन आरोपी गिरफ्तार, पांच लाख की नकदी, लैपटॉप सहित अन्य उपकरण बरामद

### माइक्रो सिप एप से करते थे कॉल

पुलिस की पूछताछ में मुख्य आरोपित मयंक हसीजा ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपित इंटरनेट कॉलिंग एप माइक्रो सिप के जरिए अमेरिकी नागरिकों को कॉल करते थे। वे खुद को एप्पल कस्टमर सपोर्ट या बैंक अधिकारी बताकर लोगों को उनके अकाउंट में तकनीकी खराबी या सुरक्षा का डर दिखाते थे। झांसे में लेकर वे नागरिकों से डॉलर ट्रांसफर करवाते थे और बाद में उन डॉलरों को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भारतीय रुपयों में बदल लेते थे।

## राजस्थान से साइबर ठग गिरफ्तार

**सोनीपत।** साइबर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के एक सदस्य को राजस्थान के बीकानेर जिले में पाकिस्तान सीमा से सटे गज्जेवाला गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मनफूल के रूप में हुई है, जो आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों के मोबाइल हैक करता था और बैंक खातों से रकम निकाल लेता था। साइबर थाना प्रभारी बसंत ने बताया कि आरोपित फर्जी लिंक तैयार करने, बैंक खाते उपलब्ध कराने और ठगी की रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने का काम करता था। इसके बदले वह ठगी गई राशि का 10 प्रतिशत कमीशन लेता था। मामले में जटवाड़ा निवासी संजीव ने 29 जनवरी को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान के नाम से आए लिंक को खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रेल के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को दबोच लिया। पुलिस ने ठगी गई राशि में से 22 हजार रुपये बैंक खाते में होल्ड करवा दिए हैं। आरोपित के कब्जे से मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।







# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने



'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।

## हॉलीवुड मसाला



# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।



# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।

# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...



**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना



*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*

### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।



## खबर संक्षेप

### महान क्रांतिकारी वासुदेव हरि चापेकर को किया याद

**गोहाना।** शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड स्थित बलिदानी स्मारक में महान क्रांतिकारी वासुदेव हरि चापेकर को शहर के लोगों ने उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डा. सुरेश सेतिया ने कहा कि वर्ष 1897 में महाराष्ट्र के पुणे में प्लेग महामारी विकराल रूप धारण कर रही थी। महामारी की मुक्ति के लिए अंग्रेज अधिकारियों की लापरवाही चाफेकर बंधुओं से सहन नहीं हुई और उन्होंने अंग्रेज अधिकारियों को गोलियों से छलनी कर दिया था। वासुदेव चापेकर को आठ मई 1899 को फांसी दी और दोनों भाइयों को अलग-अलग दिन फांसी दी। समाज सेवी हर भगवान चोपड़ा ने कहा कि जब भगिनी निवेदिता चाफेकर बंधुओ की मां दुर्गा बाई चापेकर को सांत्वना देने गई तो कहा शोक कैसा, मेरे बेटे तो पीड़ितों की रक्षा में बलिदान हो गए।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रांशी ने मारी बाजी

**गोहाना।** मेन बाजार स्थित जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रही, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मार्गदर्शन विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र जैन का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण लाल दुरेजा ने की और संयोजन कला अध्यापक उर्मिला व रेडक्रॉस नोडल अधिकारी मुकेश कालड़ा का रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 8वीं कक्षा की प्रांशी, द्वितीय स्थान कक्षा 8वीं कक्षा की मानवी व अंकित तथा तृतीय स्थान इसी कक्षा के अयान व परी ने प्राप्त किया। प्राचार्य केएल दुरेजा ने बताया कि रेडक्रॉस का मुख्य कार्य मानवता, निष्पक्षता और करुणा के सिद्धांतों को बनाए रखने पर केंद्रित है। अनीता, मीनाक्षी, शशिबाला, रितु, प्रियंका व किरण मौजूद रहे।

### बाबा विजयनाथ की पंचधुनी तपस्या आज से होगी प्रारंभ

**सोनीपत।** बैयांपुर रोहतक रोड स्थित बाबा गोसाई वाला के पास बाबा विजयनाथ की पंचधुनी तपस्या शुरू होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए बाबा शम्भूनाथ ने बताया कि पिछले साल भी देश, धर्म की रक्षा के लिये बाबा विजयनाथ महाराज तपस्या करते हैं। इस बार 9 मई से तपस्या शुरू होगी, जोकि 41 दिन तक जारी रहेगी।

## जेएलएन विद्यालय में मदर्स-डे पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

# म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सपना अव्वल, निशा द्वितीय व श्वेता तृतीय

### हरिवंश की मां इंदु को प्रदान किया सुपर मॉम अवॉर्ड विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। विजेता माताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा।



सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेएलएन विद्यालय, गोहाना में मदर्स-डे के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रैंप वॉक प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयुक्त संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और को-ऑर्डिनेटर रितु भारद्वाज का रहा।

रैम्प वॉक प्रतियोगिता में हिनाल एवं उनकी मां शीतल प्रथम, निया एवं उनकी मां अंजली द्वितीय तथा भाविक एवं उनकी मां पूजा तृतीय स्थान पर रहे। डांस विद मदर प्रतियोगिता में विहान एवं उनकी मां अंकुश तथा पार्थ एवं उनकी मां संगीता संयुक्त रूप से प्रथम रहे। तन्मय एवं उनकी मां मुस्कान ने द्वितीय व अनाया एवं उनकी मां लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस ऑन पेपर एवं पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता में हिनाल एवं उनकी मां शीतल प्रथम, हरिवंश एवं उनकी मां इंदु द्वितीय तथा युविका एवं उनकी मां सपना तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सपना प्रथम, निशा द्वितीय व श्वेता तृतीय स्थान पर रहीं। सुपर मॉम अवॉर्ड हरिवंश की मां इंदु को प्रदान किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ विंग में सोमबीर मलिक ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस का महत्व बताया।

### एस-7 स्कूल में मातृदिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) में मातृदिवस समारोह उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और मां के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को मां के प्रेम, त्याग और ममता के बारे में बताया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मां पर आधारित कविता, भाषण, ग्रुप सोंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मां की महत्ता पर अपने विचार रखे, जबकि छोटे बच्चों ने समूह गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला और मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने विद्यार्थियों को मां को प्रथम गुरु और प्रेरणा का स्रोत बताते हुए उनके सम्मान का संदेश दिया। समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

### मदर्स-डे पर केडी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम

**खरखौदा।** केडी इंटरनेशनल स्कूल, खरखौदा में मदर्स डे के उपलक्ष्य में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीपली गांव की सरपंच सोनिया उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार द्वारा उनका पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में सुंदर नृत्य, गीत, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तृप्ति ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएँ दीं तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि माता हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनके संस्कार बच्चों के भविष्य को सफल बनाते हैं।



खरखौदा। प्रस्तुति देते केडी स्कूल के विद्यार्थी।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते एपी गर्ग स्कूल प्रबंधन।

### अच्छे संस्कार देने वाली प्रथम गुरु मां : घनश्याम

**खरखौदा।** सांपला रोड स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में माताओं के महत्व को सम्मान देना व उनके प्रति प्रेम, आदर एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था। नर्सरी से पहली कक्षा तक की माताओं का स्वागत तिलक लगाकर और पुष्प वितरित करके किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गान से हुआ। इसके बाद कक्षा नर्सरी से पहली तक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में माताओं ने भी बड़े आनंद और उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों के साथ भाग लिया। जिसमें रैंप कैट वॉक और रोप वॉक मुख्य थी। रैंप वॉक में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थी की 70 वर्षीय दादी बाला प्रथम रही। रोप वॉक हिंताश की माता प्रथम रही। लक्की ड्रा में रोनित की माता पायल प्रथम और दूसरे स्थान पर विराज की माता बंटी नेहरा रही। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर घनश्याम गुप्ता ने बताया कि मां हमारी प्रथम गुरु होती है और मां ही बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं।



सोनीपत। इंडियन स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### इंडियन मॉडर्न स्कूल में मदर्स-डे मनाया

**सोनीपत।** इंडियन मॉडर्न स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत-गायन, कविताएं और विभिन्न गानों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त किया। कई बच्चों ने मां के महत्व पर आधारित कविताएं और गीत भी प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर दिन मां के प्रति आदर और प्रेम व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में मां का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है और मातृदिवस उन्हें सम्मान देने का विशेष अवसर है। प्रबंधक नीलम गाहल्याण ने कहा कि माताएं परिवार के लिए निरंतर समर्पण और मेहनत करती हैं।

# शिक्षा को कौशल और नवाचार से जोड़ना बहुत जरूरी : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना




गोहाना। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआइटीटीआर), चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित परिणाम-आधारित शिक्षा एवं प्रभावी शिक्षण-पद्धति कौशल विषयक एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म कोर्स संपन्न हो गया। यह कार्यशाला 4 मई से 8 मई तक आयोजित की गई। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि उसे कौशल, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान से जोडऩा अत्यंत आवश्यक है। परिणाम-आधारित शिक्षा प्रणाली छात्राओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि शिक्षकों को निरंतर नई शिक्षण तकनीकों एवं आधुनिक पद्धतियों को अपनाना चाहिए, ताकि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में एनआइटीटीआर, चंडीगढ़ की कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो. मैत्रेयी दत्ता, कार्यक्रम निदेशक प्रो. विजय नेहरा और विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो. संदीप दहिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



गन्नौर। रेलवे पार्क में लगाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन करते पार्षद शिवानी गौरव जैन व स्थानीय लोग। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे पार्क में लगाया आरओ युक्त वाटर कूलर

**गन्नौर।** बढ़ती गर्मी और रेलवे पार्क किशनपुरा वार्ड नंबर 15 में लोगों की लगातार बढ़ रही आवाजाही को देखते पार्षद शिवानी गौरव जैन द्वारा पार्क में आरओ युक्त वाटर कूलर लगवाया। अब पार्क में सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों व स्थानीय निवासियों को ठंडे व स्वच्छ पानी की सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पार्क में आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ता था। वाटर कूलर लगने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। मौजूद लोगों ने पार्षद शिवानी जैन का आभार जताते कहा जनहित से जुड़े ऐसे कार्य समाज के लिए काफी लाभदायक हैं।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थी परिषदः यश हेड ब्वॉय और गुंजन हेड गर्ल बनी

**गोहाना।** खानपुर कलां गांव स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थी परिषद का गठन किया। परिषद के नवचयनित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता एमडी पंकज जाले ने की। संयुक्त संयोजन प्राचार्या प्रीति शर्मा और उप प्राचार्य जतिन आनंद रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खानपुर महिला पुलिस स्टेशन की एडिशनल इंचार्ज एएसआई पूजा के साथ एलसीटी साक्षी थीं। यश हेड ब्वॉय और गुंजन हेड गर्ल चुनी गई। कार्तिक वाइस हेड ब्वॉय और नैन्सी वाइस हेड गर्ल और प्रीत स्पोर्ट्स सेक्रेटरी चुने गए। संकल्प, विश्वास, प्रयास और निश्चय सदन के विद्यार्थी अपने-अपने सदन के ध्वज के साथ शोभायमान रहे।



### रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट को श्रद्धांजलि दी

**सोनीपत।** टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस सेल की ओर से विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। अवसर पर रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट को श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज प्रिंसिपल गीता, स्टाफ सदस्यों और यूथ रेड क्रॉस वॉलंटियर्स ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय फर्स्ट एड और होम नर्सिंग प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. सविता और शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमन मान ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। डॉ. सुमन मान ने बताया कि समय पर सही फर्स्ट एड देकर किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्राथमिक उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीखीं।



### विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ ट्रायल में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा आधिकारिक रूप से चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया का सफल संचालन बटालियन के एनसीसी अधिकारी सूबेदार सतीश कुमार यादव, हवलदार विक्रम सिंह तथा हवलदार जोगिंदर द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पारदर्शिता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन, उत्साह तथा एनसीसी के प्रति उनकी रुचि का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीटीओ निकेंद्र गुलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने किया प्रतियोगिताओं में तकनीकी कौशल का प्रदर्शन

- भगत फूल सिंह महिला विवि में सेमिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। सेमिनार में कुलपति प्रो. सुदेश का स्वागत करते प्रो. अजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 के अवसर पर सेमिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय, हरियाणा सरकार के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि तकनीकी निदेशक इंजीनियर विनीता सिंह रहीं। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, प्रोजेक्ट शोकेस एवं पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार एवं तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हमें विज्ञान एवं तकनीकी उपलब्धियों के महत्व को समझने और युवा पीढ़ी को नवाचार एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है।



सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय के बाहर धरना देते कर्मचारी।

### लंबित मांगें पूरी न होने पर हड़ताल की चेतावनी

**सोनीपत।** हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी सोनीपत से जुड़े कर्मचारियों का एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 के बाहर धरना और रोष प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह और जिला चेयरमैन राकेश त्यागी ने की, जबकि सभा का संचालन राज्य कार्यालय सचिव एवं जिला सलाहकार समेश और जिला सचिव योग प्रकाश नागर ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. नागर, राज्य उपप्रधान सुरेश रोहिल्ला और राज्य सलाहकार विजेंद्र रिवाल ने कहा कि एचएसवीपी सोनीपत के दोनों डिवीजनों में कार्यकारी अभियंता के पद खाली होने से कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं हो पाया है। बताया कि रेगुलर, कौशल रोजगार निगम तथा कच्चे कर्मचारियों को वेतन न मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने कहा कि कार्यकारी अभियंता न होने के कारण जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी करने के लिए मुख्यालय को नए पदों की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव भी नहीं भेजे हैं, जबकि 15 मई तक की समय सीमा तय है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें 15 मई तक पूरी नहीं हुईं तो एचएसवीपी के सभी सेक्टरों की जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था ठप कर हड़ताल की जाएगी।

### एनसीसी ने प्रारंभ किया जूनियर डिवीजन नामांकन अभियान



सोनीपत। नामांकन की प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की लंबाई मापते हुए।

**सोनीपत।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की 12 हरियाणा बटालियन द्वारा जूनियर डिवीजन (जेडी) कैडेट्स के नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह अभियान 6 मई से सोनीपत और पानीपत के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चलाया जा रहा है, जिसमें सोनीपत के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष 800 से अधिक जूनियर कैडेट्स के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के दौरान एनसीसी अधिकारियों द्वारा स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को एनसीसी की गतिविधियों और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का मजबूत माध्यम है। अधिकारियों ने कहा कि एनसीसी से जुड़ने वाले युवा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। इसके साथ ही उनमें जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास होता है।

## पीएमश्री राजकीय कन्या वमावि मुरथल अड्डा में गतिविधियां करवाई

# मॉक ड्रिल से सीखे आपदा में योगदान के तरीके

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सिखाया मानवता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत





सोनीपत। स्लोगन लेखन स्पर्धा में भाग लेती छात्राएं, मौजूद अतिथि व सोनीपत के मुरथल रोड पर राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा में प्राचार्य सुनील त्यागी की अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना के कार्यों को बढ़ावा देना, मानवता की सेवा के लिए लोगों को जागरूक करना रहा। अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, संजय शर्मा, मुकेश ने शिरकत की। कार्यक्रम संचालक भूगोल प्रवक्ता एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता ढुल के मार्गदर्शन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्राओं को आपदा के समय लोगों की सहायता करने में योगदान देने के तरीकों से अवगत कराया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कर छात्राओं ने मानवता के लिए एकजुटता व जल संरक्षण विषय पर जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने हाथों में बैनर लेकर नारे लगाते लोगों को प्रेरित किया। इससे पहले सचिव गौरव व प्राचार्य सुनील ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्राचार्य ने जूनियर रेडक्रॉस यूनिट की छात्राओं को भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### सुलेख प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शुक्रवार को सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के उपरांत प्रत्येक कक्षा से 3-3 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि सुलेख केवल सुंदर लिखावट नहीं, बल्कि व्यक्ति के अनुशासन, धैर्य एवं व्यक्तित्व का दर्पण है। आपकी लिखावट न केवल आपके विचारों को प्रस्तुत करती है अपितु यह व्यक्ति के स्वभाव, मानसिक संतुलन और व्यक्तित्व की गहराई को भी दर्शाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास के माध्यम से अपनी लेखन शैली को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।



### ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर किया शहीदों को नमन

**खरखौदा।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर गुरुकुल मटिंडू एनसीसी कैडेट्स व विद्यालय स्टाफ द्वारा गांव रोहणा के वीर बलिदानियों और गुरुकुल के पूर्व छात्र व शहीद कमांडेंट सहदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कैडेट्स ने गांव के सभी शहीद स्मारक स्थलों पर जाकर वीर सपूतों की पावन स्मृति में पुष्प अर्पित किए तथा उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और सम्मान का वातावरण अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक रहा। उपस्थित सभी लोगों ने वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते उनके दिखाए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति मलिक, उप प्राचार्य राकेश दहिया, एनसीसी आफिसर संजय टीजीटी हिंदी कृष्णा व अन्य स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। इधर, गांव के सम्मानित पूर्व सैनिक एवं गणमान्य सूबेदार वीरेंद्र, सीपीओ अनूप सिंह, हवलदार रामचंद्र, राकेश मास्टर, स्वदेश, उमराव सिंह, सचिन उर्फ चोटी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 4 लाख रुपये

**सोनीपत**। जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ठग अब लोगों को फर्जी सरकारी आईडी, मोबाइल हैकिंग और ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर निशाना बना रहे हैं। अलग-अलग मामलों में एक बुजुर्ग और यूनिवर्सिटी छात्र से कुल 4.06 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शराब बेचने वाला आरोपित गिरफ्तार

**खरखौदा**। पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान प्रमोद निवासी गांव कंवाली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एक शराब ठेकेदार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मंडौरा रोड स्थित विनोद किरयाणा स्टोर पर छापेमारी की गई।

### आभूषण चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा**। घर से सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दीपक निवासी जनता कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### नहर में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**खरखौदा** । गांव रोहणा के पास से गुजर रही रिलायंस चैनल (नहर) में करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही खरखौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस जांच में शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

### लल्हेड़ी कलां से भैंस चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर**। गांव लल्हेड़ी कलां में पशु चोरी की घटना में चोर बोलेरो पिकअप में आकर दो भैंस चोरी कर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद थाना बड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जगदीश और रामगोपाल निवासी गांव लल्हेड़ी कलां ने बताया कि उनकी भैंसें गांव में बंधी हुई थीं।

### लोगों का आरोप- चालक हूटर बजाकर हो जाते हैं गायब

# सफाई व्यवस्था पटरी पर, लेकिन चालक घर-घर कूड़ा नहीं उठाकर दे रहे चकमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में हड़ताल पर चल रहे दमकल व सफाई कर्मियों की संयुक्त हड़ताल के बावजूद शुक्रवार को सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की गाड़ियों का संदेश गलियों में तो सुनवाई दिया, लेकिन लोगों का आरोप है कि गाड़ी चालक केवल हूटर बजाकर उन्हें चकमा देकर भाग रहे हैं। प्रत्येक घर से कूड़े का पूर्ण रूप से उठान नहीं हो पा रहा है। गाड़ी चालक एक-दो घर से कूड़ा लेकर गाड़ियों सहित हूटर बजाकर गायब हो रहे हैं। कई घरों में एक-एक सप्ताह का कूड़ा एकत्रित हो चुका है।



**सोनीपत**। गीता भवन रोड पर लगे कूड़े के ढेर का उठान करते सफाई कर्मी।

### कर्मचारी कर रहे मनमानी

ओल्ड डीसी रोड पर जीवन नगर, तारा नगर, इंद्रपुरी के लोगों का आरोप है कि कर्मचारी अपनी मनमर्जी के चलते सभी घरों से कूड़ा नहीं ले रहे हैं। वहीं आरोप है कि यूनियन कर्मी सरकारी सफाई कर्मचारियों को भी हड़ताल के चलते कूड़ा नहीं उठाने दे रहे हैं। यही कारण है कि शहर में अव्यवस्था का माहौल बनता जा रहा है। लोगों की कही सुनवाई नहीं हो रही है।

### बिजली यूनियन ने दिया समर्थन

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मचारियों की 8 अप्रैल से चल रही राज्यव्यापी हड़ताल शुक्रवार को 31वें दिन भी जारी रही। नगर निगम कार्यालय परिसर में 93 दमकल कर्मियों के साथ नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने धरना देकर सरकार के प्रति रोष जताया। धरने की अध्यक्षता दमकल यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, नपा कर्मचारी संघ के इकाई अध्यक्ष भारत कंडेरा व संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को शुक्रवार को बिजली निगम यूनियन से प्रधान बिजेंद्र कादियान, महेंद्र मलिक, विकास दहिया ने अन्य पदाधिकारियों सहित अपना समर्थन दिया। जिला प्रधान देशराज नैन ने सरकार की वादाखिलाफी पर अपने विचार रखे। लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने भी सरकार की वादाखिलाफी व हठधर्मिता के चलते 11 मई तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया। धरने पर वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, विनोद, यशेंद्र, नवीन, अजीत, सुनील, नीतिन, विजय, मनोज, सत्यवान, कमलेश, कांता, फूल सिंह, अमर, विकास, संदीप, गीता, बबीता मौजूद रहे।

### सड़कों पर करीब 6 टन से ज्यादा कूड़ा बिखरा पड़ा

*इसके अलावा गुड़ मंडी क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का अभाव रहा। इससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है। उधर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 1, 2, 11, 12 व 13 में कई दिन से कूड़े के उठान शुरू नहीं हो पाया है। कचरे का उठान नहीं होने से तनावपूर्ण माहौल की स्थिति बनने लगी है। बाजारों व वार्डों की गलियों में सफाई का अभाव नजर आने लगा है। वहीं कचरे का उठान नहीं होने से इन वार्डों के लोग ज्यादा परेशान नजर आने लगे हैं। सड़कों पर करीब छह टन से ज्यादा कूड़ा सड़कों पर बिखरा पड़ा है।*

### सफाई व्यवस्था चरमराई, गंदगी बढ़ने से फैलने लगी दुर्गंध

**गोहाना**। शहर में सफाई व्यवस्था पिछले आठ दिनों से पूरी तरह चरमरा गई है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते गली-गली और अधिकतर सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं। नियमित उठान नहीं होने से लोग घरों का कचरा पॉलीथिन बैगों में भरकर या खुले में गलियों, सड़कों और खाली प्लाटों में फेंकने को मजबूर हैं। इससे शहर में गंदगी बढ़ने के साथ दुर्गंध फैलने लगी है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारी लगातार हड़ताल पर हैं। हड़ताल में पालिका रोल, घर-घर से कचरा उठाने वाली एजेंसी और स्वीपिंग एजेंसी के कर्मचारी भी शामिल हैं। कर्मचारी एक मई से काम छोड़कर नगर परिषद कार्यालय में धरना दे रहे हैं। अब कर्मचारियों ने हड़ताल 11 मई तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को जजपा युवा इकाई के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रितेश शर्मा अपने साथियों तेजवीर मलिक, धर्मेंद्र शर्मा, भूषण अग्रवाल, आशीष शर्मा और मनजीत सुहाग के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों को समर्थन दिया।

## विद्यार्थियों ने तैयार किए फर्स्ट एड बॉक्स



**गोहाना**। शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विद्यार्थियों के लिए फर्स्ट एड बॉक्स तैयार करने सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने गतिविधियों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस बैज और हैंड बैंड गतिविधि, कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने फस्ट एड बॉक्स तैयार किए और कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने नाट्य प्रस्तुति से रेडक्रॉस के मूल उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए समाज व राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में गोहाना के सुशांति अस्पताल के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के नेत्रों की निःशुल्क जांच की। इस अवसर पर मंजू मान, इंदु, जगमोहन और रजत मौजूद रहे।

## बच्चों की प्रथम गुरु होती है मां : गुप्ता




**गन्नौर**। मदर डे के उपलक्ष्य में रेणु विद्या मंदिर, बहालगढ़ में शुक्रवार को मदर्स डे समारोह उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन की शोभा बढ़ाई। बच्चों और उनकी माताओं ने विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। खेल प्रतियोगिताएं, डांस, गीत और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने सभी माताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती है और उनके जीवन निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े, उप-प्राचार्या डॉ. ज्योति ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रेम, सम्मान और अपनत्व का माहौल बना रहा।

## भाजपा ने निकाली बाइक रैली राजीव जैन ने की अगुवाई


**सोनीपत**। बाइक रैली के दौरान भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन साथ में विधायक निखिल मदान एवं अन्य।

**सोनीपत**। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से सोनीपत नगर निगम चुनावों में मेयर प्रत्याशी राजीव जैन व 22 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में बाइक रैली का आयोजन किया गया। मेयर प्रत्याशी राजीव जैन व 22 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ रैली में हिस्सा लिया और जनता से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक निखिल मदान, ललित बत्रा, बिजेंद्र मलिक, तरुण देवीदास, राजकुमार कटारिया, दिव्यांक जैन, सुरेंद्र मदान, संजय ठेकेदार, नीरज सोनी, गौरव भोला सहित कई अन्य भी बाइक रैली का हिस्सा बने। बाइक रैली शहर के अग्रसेन चौक से शुरू हुई। यह रैली मुरथल अड्डा, बस अड्डा, गीता भवन चौक, पुरखास अड्डा, अंडर ब्रिज हनुमान चौक, ककरोई रोड, फ्लाईओवर, मिशन चौक, काठ मंडी, विश्वकर्मा चौक, खाटू श्याम मंदिर, परशुराम चौक, ओल्ड डीसी रोड, सुभाष चौक, रेलवे रोड, झंडी रोड, सिक्का कॉलोनी व विवेकानंद चौक से गुजरी। इस मौके पर भाजपा के मेयर प्रत्याशी प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति से काम करेगी। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास होगा।

## नौ महीने के कार्यकाल में पटरी से उतर चुकी है शहर की व्यवस्था : कमल दिवान

- कांग्रेस मेयर प्रत्याशी ने गिनाईं सरकार की नाकामियां, बोले- पीपीपी और प्रॉपर्टी आईडी ने जनता को किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि आज नगर निगम भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र के नाम पर आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है। लोग अपनी ही जमीन और आय को सही साबित करने के लिए परेशान हैं और अधिकारी काम के बदले पैसों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि भ्रष्टाचार के चलते ही निगम के सात अधिकारियों को सस्पेंड किया जा चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि भाजपा राज में व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। नगर निगम चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी और शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने शहर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सत्तापक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के नौ महीने के कार्यकाल में शहर की व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कमल दिवान ने अंत में कहा कि यह चुनाव केवल मेयर चुनने का नहीं, बल्कि सोनीपत के भविष्य और स्वाभिमान को बचाने का है। प्रचार अभियान के दौरान सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक भारत भूषण बत्रा, विधायक कुशल तेवतिया, विधायक इंदु राज नरवाल और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व विधायक जगबीर मलिक, सुखबीर फरमाना, सुरेंद्र पवार, जयवीर वाल्मीकि और पदम सिंह दहिया, जयवीर अंतिल, जय कुंवर खत्री, हरेंद्र सैनी, अमित भारद्वाज, पूर्व प्रधान लीलू ककरोई, जय सिंह मलिक और जगशैद नूरन खेड़ा सहित अन्य मौजूद रहे। शुक्रवार को कमल दिवान ने न्यू महावीर कॉलोनी पुरखास अड्डा (वार्ड 15) स्थित राधा कृष्ण मंदिर, पटेल नगर गली नंबर 4 (वार्ड 9), देवडू रोड (वार्ड 5), मॉडल टाउन, छोटी मस्जिद मामा भांजा चौक (वार्ड 15), श्री राम स्कूल, कबीरपुर सैनी चौपाल (वार्ड 11), वार्ड नंबर 1 स्थित शिवालय मंदिर, राजेंद्र नगर आईसीएस कोचिंग सेंटर वाली गली और सिटी थाना धनको वाली गली (वार्ड 16) में जनसभा कर वोट की अपील की।

## जेपीडीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर माताओं का सम्मान



**गन्नौर** । जेपीडीएवी पब्लिक स्कूल गन्नौर में मदर्स डे का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से पांचवीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने मां की विशेषताओं का वर्णन किया। कार्यक्रम में बच्चे ने अपनी मां की विशेषताओं और प्यार का वर्णन किया। मां पर आधारित रिकॉर्डिंग गाना पर उन्होंने आकर्षक नृत्य भी प्रस्तुत किए। प्राचार्य सुनील शर्मा ने बच्चों के लिए मां के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि हर बच्चा के लिए उसकी मां संसार की सबसे सुंदर मां होती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए मां का प्यार बहुत जरूरी होता है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि शिक्षिकाएं मां की तरह ही प्यार देती है। स्कूल में बच्चों की माताओं को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया और उनके लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। नृत्य में मंजू प्रथम, संगीत में ऋतु, कविता पाठ और शायरी में मोहिनी प्रथम और खेलो में संगीता, उर्मिला और प्रियंवदा प्रथम रही। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।

## नव ज्योति स्कूल में विद्यार्थियों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**गन्नौर**। मदर्स डे के उपलक्ष्य में नव ज्योति शिक्षा सदन, खुबडू भांवर में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में नृत्य और भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा निबंध लेखन और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती है और उसका स्थान सबसे ऊंचा माना गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

## एसबीआई कर्मचारियों ने 25-26 मई को हड़ताल का किया ऐलान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कर्मचारी संगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 25 व 26 मई को दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। शुक्रवार को क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय-2, सोनीपत में आयोजित सांकेतिक धरने में सभी शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लेकर आंदोलन को समर्थन दिया। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रमुख मांगों में संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती, पर्याप्त स्टाफ नियुक्ति, आउटसोर्सिंग पर रोक, एनपीएस कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर बदलने का विकल्प तथा 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए इंटर सर्कल ट्रांसफर शामिल हैं। इसके अलावा मेडिकल रीइम्बर्समेंट स्कीम में सुधार, एचआरएमएस समस्याओं का समाधान, करियर प्रोग्रेशन स्कीम की समीक्षा और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ देने जैसी मांगें भी उठाई गईं। कर्मचारियों ने क्रॉस सेलिंग के नाम पर गलत तरीके से उत्पाद बेचने की प्रथा बंद करने की भी मांग की। धरने में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संदीप मलिक, आरबीएस कृष्ण कुमार, गोपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से दर्शाया मां का महत्व

- मदर डे के उपलक्ष्य में रुक्मिणी देवी स्कूल में करवाई गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

मदर डे के उपलक्ष्य में रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्ड मेकिंग गतिविधि में भाग लेकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भावपूर्ण नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के महत्व को दर्शाया। मधुर गीतों और मनमोहक नृत्यों ने पूरे वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया।


**राई**। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन प्रतिभागी स्कूल के छात्र व माताओं के साथ।

### मां के प्रम को दर्शाया

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक लघु नाटिका रही, जिसमें मां के त्याग, संघर्ष और निस्वार्थ प्रेम को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां जीवन की प्रथम गुरु और सबसे बड़ी प्रेरणा होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा अपनी माताओं का सम्मान करने और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा का अहंकार सातवें आसमान पर, खुलकर कर रही भ्रष्टाचार : हुड्डा

### सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस के मेयर और वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित



**सोनीपत**। निकाय चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सोनीपत से कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान व विभिन्न पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी का अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। यही कारण है कि निगमों में खुलकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बीजेपी के मेयर प्रत्याशी का नाम खजूर घोटाले में सामने आया था, लेकिन कहीं कोई जांच नहीं कराई गई। इसी तरह रोहतक में 300 करोड़ के अमृत घोटाले को अंजाम दिया गया और आज तक कोई जांच नहीं हुई। फरीदाबाद नगर निगम में बिना काम किए 200 करोड़ का घोटाला कर दिया गया। पंचकुला में 160 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले को अंजाम दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक गीता भुक्कल, विधायक बीबी बतरा, पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक, मेयर प्रत्याशी कमल दीवान, विधायक चंद्रप्रकाश जांगड़ा, विधायक इंदुराज नरवाल, विधायक जस्सी पेटवाड़, विधायक गोकुल सेतिया, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार, सोनीपत ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, मनोज बागड़ी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में हितेश, खुशी ओम व वंदना की टीम अव्वल

**गोहाना**। गांव बिचपड़ी में गोहाना-सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 4 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस सेवा भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विषय संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के छात्र हितेश ने एंटीसेप्टिक डिटोल, छात्रा खुशी ने सामान्य चिकित्सा, कक्षा 9वीं के छात्र ओम ने ओआरएस व छात्रा वंदना ने जलने पर तुरंत लगाने वाली दवा का उपयोग बताया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों की इस टीम प्रथम घोषित किया गया। विजेताओं को वरिष्ठ शिक्षक प्रवेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विज्ञान की अध्यापिका कुमारी दीपिका ने विद्यार्थियों को मानव सेवा स्वैच्छिक रक्तदान एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलवाई।



## प्राचार्य की दो टूक, शिकायत के आधार पर चौकीदार को नौकरी से हटाया

- मुरथल स्थित ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आरोप-प्रत्यारोप का मामला गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत**। मुरथल स्थित ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में अपना पक्ष रखती प्राचार्य सीमा ठाकरान।

मुरथल स्थित ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में अभद्रता का आरोप लगाकर हटाए गए चौकीदार व प्रबंधन पर लगे डीडी पावर का दुरुपयोग और लाखों रुपये गबन करने के आरोपों का मामला गहराता जा रहा है। इन आरोप-प्रत्यारोपों का असर जिले में कई दशक से चल रहे महाविद्यालय की छवि पर भी पड़ रहा है। जहां नौकरी से हटाए गए चौकीदार रणबीर कुमार ने वीरवार को उपायुक्त के समक्ष पेश होकर प्राचार्य पर कई संगीन आरोप लगाए थे, वहीं शुक्रवार को प्राचार्य सीमा ठाकरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए न्यायालय में विचाराधीन मामले से अवगत कराया। साथ ही चौकीदार लगे आरोपों व स्वीकार किए गए आरोपों संबंधी दस्तावेजों को पेश किया। जिनके माध्यम से चौकीदार ने स्वयं अपनी गलतियों को स्वीकारते हुए माफी नामे के पत्र मुरथल थाना व आंतरिक शिकायत कमेटी को जमा करवाएं हैं। इन दस्तावेजों की प्रतियां प्रबंधन की ओर से न्यायालय में भी पेश की गई हैं, जिनके आधार पर चौकीदार से नौकरी से हटाया गया है। प्राचार्य सीमा ठाकरान ने उन पर लगे आरोपों को नकारते हुए बताया कि महाविद्यालय में कार्यरत चौकीदार पर फरवरी माह से दो छात्राओं ने अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। शिकायत मिलने के बाद चौकीदार ने अपने आरोपों को स्वयं लिखित रूप में स्वीकार कर अपनी गलती को माना था। इसके बाद महाविद्यालय की आईसीसी कमेटी ने भी जांच में चौकीदार को दोषी माना है। इसी आधार पर चौकीदार को नौकरी से हटाया गया था। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में मामला विचाराधीन है। इसके अलावा रणबीर की ओर से उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार व गबन के आरोप निराधार व बेबुनियाद हैं।